हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

16 नवंबर 2024, समय 1810

- पंजाब में पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।
- भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने कहा है कि हरियाणा में सदस्यता अभियान के दौरान 10 लाख से अधिक लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़े है।
- श्री बड़ोली ने कहा कि प्रदेश में विकास की गति को तेज़ करने और योजनाओं का लाभ जरूरतमदों तक पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है।
- चंडीगढ़ लिटरेरी सोसायटी के साहित्य उत्सव "लिटरेटी" का 12वें संस्करण 23 व 24 नवंबर को चंडीगढ़ के लोक क्लब में आयोजित किया जायेगा।
- हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम हरियाणा खेल कूद प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को सम्मानित किया ,श्री गौतम ने कहा कि खिलाडियों को हर स्तर पर सुविधा प्रदान की जाएगी।

****

पंजाब में पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा आज तीसरे पहर पार्टी की कार्य समिति को सौंपा। पार्टी प्रवक्ता डॉ. दलजीत

सिंह चीमा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्री बादल ने पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए अपना इस्तीफा सौंपा है।

****

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने आज झज्जर, दादरी और भिवानी में संगठन पर्व सदस्यता अभियान को गति देने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि बी जे पी ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है।

झज्जर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा -

श्री बड़ोली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उसी दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस तरह व्यवस्था कर रहे हैं कि हरियाणा में विकास की गति और तेज की जा सके और सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदो के घर तक पहुंचे। उन्होंने कह कि इसके लिए हरियाणा में एक नया सचिवालय होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी की सरकार देश और प्रदेश के विकास के लिए काम कर रही है।

****

चंडीगढ़ लिटरेरी सोसायटी 23 और 24 नवंबर को लेक क्लब में चंडीगढ़ साहित्य उत्सव "लिटरेटी" के 12वें संस्करण का आयोजन कर रही है।लिटरेटी-2024 की उत्सव निदेशक और चंडीगढ़ लिटरेरी सोसायटी की

अध्यक्ष डॉ सुमिता मिश्रा ने आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि :

डॉ मिश्रा ने कहा कि सृजनात्मकता के जश्न पर आधारित इस साहित्यक उत्सव में अंग्रेज़ी, हिंदी और पंजाबी साहित्य और कला का दिलचस्प मिश्रण देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को साहित्यक उत्सव का आगाज़ पंडित सुभाष घोष की "दिल दे तार" नामक संगीतमय पेशकारी से सुरीले ढंग से होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय साहित्यक अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक समारोह को संबोधित करेंगे। डॉ मिश्रा ने बताया कि उत्सव के दौरान साहित्यक चर्चा और पुस्तक विमोचन सहित कई रोचक सत्र होगें।

उत्सव के दौरान साहित्य, कला और संस्कृति की कुछ प्रसिद्ध हस्तियों के भाषण भी करवाए जाएंगे।

****

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में हरियाणा विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर श्री गौतम ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति में कई तरह के सुधार किए गए हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिशको की कमी को पूरा किया जाएगा। खिलाड़ियों की मदद के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह से तैयार है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशों से दूर रह कर खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लें और अपनी प्रतिभा को निखार कर देश का नाम रोशन करें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में युवाओं की भागीदारी जरूरी है।

खेल मंत्री ने कहा कि युवाओं को शिक्षा से लेकर खेलों तक और खेलों से लेकर विज्ञान के क्षेत्र तक किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। खिलाडियों को हर स्तर पर सुविधा प्रदान की जाएगी।

****

.

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भिवानी जिला के गोलागढ़ गांव में पूर्व कृषि मंत्री चौ. सुरेंद्र सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सिंह ने अपना जीवन संघर्ष करते हुए बिताया। वे युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कृषि विभाग के कई कार्यो को कंप्यूटरीकृत करने का कार्य किया। चौ. सुरेंद्र सिंह की याद में आज रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। रक्तदान शिविर में दोपहर तक 176 यूनिट से अधिक रक्त दान किया गया।

****

आज राष्ट्रीय प्रैस दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर भिवानी में वंशिका फाउंडेशन व स्थानीय मीडिया द्वारा दिवंगत पत्रकार एवं रंगकर्मी अनुज राणा की याद में चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के रक्त बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मीडिया कर्मियों ने रक्तदान किया। इस दौरान 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

****

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल में गैस पाइप लाइन के रिसाव से हुई दुर्घटना के स्थल का निरीक्षण किया और हादसे में मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।गौरव गौतम ने कहा कि पलवल में पी एन जी गैस के रिसाव के कारण एक दुकानदार की जान चली गई। जिसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती है। लेकिन सरकार मृतक परिवार के लोगों के साथ खड़ी हुई है। सरकार द्वारा मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी और व्यापारियों के सामान की भरपाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस हादसे के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।